भारत सरकार
कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. 44
दिनांक 25.06.2019

मेघालय में कृषि विश्वविद्यालय

***44. श्री विनसेंट एच. पाला:**

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मेघालय में कृषि विश्वविद्यालय की मौजूदा स्थिति का ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत दो वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष कृषि महाविद्यालय, बड़ापानी में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या कितनी है तथा महाविद्यालय में आरंभ किये गये पाठ्यक्रमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि और किसान कल्याण मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) और (ख): सभा के पटल पर एक विवरण प्रस्तुत है।

*****

"मेघालय में कृषि विश्वविद्यालय" से संबंधित लोक सभा के दिनांक 25.06.2019 के तारांकित प्रश्न सं. 44 के भाग (क) और (ख) के संबंध में उल्लिखित विवरण

(क) योजना आयोग से 2009 में प्राप्त 'सैद्धांतिक अनुमोदन' के आधार पर मेघालय और नागालैंड राज्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बड़ापानी, मेघालय में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव था। बाद में, केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय (सीएयू), इम्फाल को शासित करने वाले अधिनियम में संशोधन किया गया, इसलिए बड़ापानी, मेघालय में अलग सीएयू की स्थापना की आवश्यकता पूरी हो जाती है। मंत्रालय को मेघालय राज्य सरकार से भी एक प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है और इसकी जांच की जा रही है।

(ख) कृषि महाविद्यालय, बड़ापानी/ किर्देमकुलाई में केवल बी.एससी (आनर्स) कृषि का डिग्री पाठ्यक्रम ही संचालित किया जा रहा है। पिछले दो वर्षों के दौरान कृषि महाविद्यालय, बड़ापानी में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या निम्नानुसार है:

क्रमांक	वर्ष	दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या
1	2017-18	18
2	2018-19	18

****